# बिहार विधान परिषद

(201वां मानसून सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 30 जून 2022

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

Total Short Notice Question- 14

----

### नये पुल का निर्माण

*31 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत नासरीगंज में विभाग द्वारा निर्मित लोहे के पुल की चोरी हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल की लम्बाई लगभग 60 फीट थी;

(ग) क्या यह सही है कि लम्बे-चौड़े लोहे के पुल की चोरी हो जाना कमजोर निर्माण तथा विभागीय लापरवाही के संकेत देता है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त चोरी की घटना में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत की बात सामने आयी है;

(ङ०) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बताएगी कि उक्त स्थल पर वह नया पुल का ठोस निर्माण कबतक कराएगी और नहीं तो क्यों ?

----

## वेतनमान का लाभ

***32** **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अधीन संचालित आवासीय विद्यालयों में विभागीय संकल्प के आलोक में नियत वेतन पर शिक्षकों का नियोजन किया गया है तथा सेवा-विस्तार के साथ-साथ वेतन-वृद्धि भी की जाती रही है;

(ख) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा ऐसे लगभग तीस-चालीस (30-40) की संख्या में कार्यरत शिक्षकों के नियमितीकरण हेतु सभी जिले के कल्याण पदाधिकारी से वर्ष 2017 में ही प्रतिवेदन मांगा गया था;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन स्नातक तथा मैट्रिक प्रशिक्षित शिक्षकों का नियमितीकरण करते हुए अविलंब वेतनमान का लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

***33** **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनियां प्रखंड अंतर्गत भकुरहर गांव में पांच हजार अल्पसंख्यक समाज की आबादी में चार एकड़ के क्षेत्रफल में कब्रिस्तान है, जिसकी घेराबंदी नहीं हो पायी है, जिसके कारण लोगों को काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने की विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## जुर्माना वसूलने का विचार

***34** **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि वाहन जांच के दौरान बिना पॉल्यूशन सर्टिफिकेट के परिचालन करते पकड़े जाने पर एक हजार रुपये प्रतिवाहन जुर्माना का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्र के साथ ही फुलवारी शरीफ, दानापुर और खगौल में कूड़ा उठाव करने वाली दो हजार से अधिक गाडि़यां बिना पॉल्यूशन सर्टिफिकेट के चलायी जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि निगम की गाडि़यों से शहर की हवा प्रदूषित हो रही है और साथ ही विभाग को प्रति वर्ष 3 लाख रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड (ख) में अंकित गाडि़यों से जुर्माना नहीं वसूलने का क्या औचित्य है और क्या सरकार पटना महानगर क्षेत्र में सिर्फ प्रदूषण मुक्त वाहनों के परिचालन की ठोस व्यवस्था करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अन्य वर्गों के छात्र क्यूं

*35 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी जिलों में अत्यंत पिछड़े वर्गों के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का निर्माण करने का निर्णय लिया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि जिन जिलों में जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का निर्माण किया गया है, उस छात्रावास में दूसरे वर्ग के छात्रों को भी रखा जा रहा है;

(ग.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि अन्य वर्गों के छात्रों को रखने का निर्णय कब एवं किन परिस्थितियों में ली गई एवं क्यों ?

----

## रोजगार बहाल कबतक

*36 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **श्रम संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सी.एम.आई.ई. (सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनोमी) द्वारा कराये गये सर्वेक्षण के अनुसार पिछले पांच वर्षों में बिहार की 1.71 लाख

महिलाओं का रोजगार छिना है;

(ख.) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है, और कबतक ?

----

## परियोजना से जोडने पर विचार

*37 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखंड अंतर्गत यमुना नदी से निकलने वाली नहर कनका विद्या गांव तक जाती है तथा यह नहर मरयुआ, नारायण, सिरही, देवथरा, घटकन, बरबट्टा, जहर विद्या सहित लगभग दो दर्जन गांवों के किसान की जमीन की सिंचाई का साधन है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नगर में सिर्फ बरसात के समय ही पानी रहता है तथा बाकी समय पानी के अभाव के कारण किसानों के सामने पटवन की घोर समस्या उत्पन्न हो जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि इस प्रखंड में उदेरास्थान सिंचाई परियोजना कार्य कर रही है और अगल-बगल के किसानों को सिंचाई में भरपूर मदद भी मिल रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित प्रखंड एवं गांव को उदेरास्थान सिंचाई परियोजना से जोड़ना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## जांच कराने पर विचार

*38 **श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या **मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शराब पीने वाले व्यक्तियों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन द्वारा जांच के दौरान अलग-अलग मानक तय नहीं होने के कारण नीरा पीने वाले व्यक्तियों को भी शराब सेवन के मुकदमा में फंसाकर जेल भेज दिया जाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शराब पीने वाले तथा नीरा पीने वाले लोगों की अलग-अलग पहचान की वयवस्था सुनिश्चित

करना चाहती है ताकि निर्दोष व्यक्ति जेल न भेजे जाएं ?

----

## राशि का भुगतान

***39 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **वित्त विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि श्रीमती नाजिश प्रवीन (सदस्यता सं.- 61105102558) सहारा एच शाईन स्कीम के अंतर्गत मखदुमपुर शाखा जिला जहानाबाद, श्रीमती खुर्शीदा खातून (सदस्यता सं.- 61105102558) सहारा एच शाईन स्कीम के अंतर्गत डालमियानगर, जिला रोहतास, मो. शाहिद खान (सदस्यता सं.- 61105102558) सहारा एस भविष्य स्कीम के अंतर्गत औरंगाबाद जिले के ओबरा शाखा एवं श्रीमती रीफत प्रवीन (सदस्यता सं.- 22751500788) सहारा एच शाईन स्कीम के सिमरी बख्तियारपुर शाखा, जिला सहरसा में राशि का निवेश किया है, जिसकी परिपक्वता पूर्ण हो चुकी है;

(ख) क्या यह सही है कि उपर्युकत व्यक्तियों के द्वारा अपने बच्चों के भविष्य के लिए निवेश की गई छोटी-छोटी राशियों की परिपक्वता तिथि पूर्ण होने एवं इनके द्वारा बारंबार आग्रह किए जाने के बावजूद राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इनकी परिपक्वता राशि का भुगतान शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आश्रितों को नौकरी

***40 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में दफादार/चौकीदार के अधिकतर पदों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं भूमिहीन वर्ग के लोग कार्यरत है;

(ख) क्या यह सही है कि सेवाकाल में दफादार/चौकीदार की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान है;

(ग) क्या यह सही है कि कुछ जिलों में आश्रितों को सरकारी नौकरी दी गई है परंतु लगभग 5000 मृत सेवकों के परिजनों को अभी तक सरकारी नौकरी नही दी गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे आश्रितों को सरकारी नौकरी देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## शीघ्र बरामदगी

*41 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के ग्राम + पो. अरेराज, थाना- गोविन्दगंज अरेराज ओ.पी. के निवासी श्री रामाशीष पंडित, पिता- स्व. भुखल पंडित के 25 वर्षीय पुत्र श्रवन कुमार पंडित दिनांक:- 12.03.2022 से लापता हैं जिसकी सूचना थानाध्यक्ष, अरेराज/आरक्षी अधीक्षक, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण /पुलिस उप-महानिरीक्षक, बेतिया एवं संबंधित अन्य पदाधिकारियों को दी गई है, जिसका गोविन्दगंज अरेराज ओ.पी. थाना कांड सं.- 97/2022 दिनांक:-14.03.2022 दर्ज है;

(ख) क्या यह सही है कि दिनांक:- 12.03.2022 से लापता/अपहृत श्रवण कुमार पंडित पिता- श्री रामाशीष पंडित, ग्राम+पो. अरेराज, जिला- पूर्वी चम्पारण को शीघ्र बरामद करने हेतु दानी प्रजापति, बिहार कुम्हार प्रजाप्रति समन्वय समिति, प्रजापति भवन, कंकडबाग रोड, पटना-20 ने अपने पत्रांक-132/22 दिनांक:- 08.06.2022 द्वारा संबंधित पदाधिकारियों से आग्रह किया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' पर अंकित दिनांक:- 12.03.2022 से लापता/अपहृत श्रवण कुमार पंडित, पिता- श्री रामाशीष पंडित, ग्राम- अरेराज को शीघ्र बरामद करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## राशि उपलब्ध कबतक

*42 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **समाज कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कन्या विवाह योजना अंतर्गत बीपीएल कार्डधारी लाभार्थी को सहायता के रूप में रु. 5000 दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि कबीर अंत्येष्टि अंतर्गत गरीब बीपीएल कार्डधारी परिवार को मृत्यु के पश्चात् दाह संस्कार हेतु 3000 रुपया सहायता के रूप में दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में विगत कुछ वर्षों से उक्त योजना मद में राशि नहीं के बराबर है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औरंगाबाद जिला में उक्त योजना के मद में राशि उपलब्ध कराकर बीपीएल कार्डधारी परिवार को लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अभियुक्तों को सजा कबतक

***43 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड के सिरियापुर गांव में विगत 16 मई को अपराधियों द्वारा किये गये गोलीबारी में प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष श्री हिमांशु कुमार के पुत्र समेत उनके तीन अन्य रिश्तेदारों के सिर एवं शरीर के अन्य भागों में गोली दागी गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि F.I.R. में नाम दर्ज मुख्य अभियुक्त सहित अन्य लोगों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है;

(ग) क्या यह सही है कि ऐसी दिन-दहाड़े घटी घटना ने कानून-व्यवस्था के ऊपर कई सवाल खड़े कर दिए हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि इस संबंध में कौन-सी कार्रवाई अबतक की गई है ?

----

## वृद्धाश्रम खोलने के संबंध में

***44 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **समाज कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिल्कुल निराश्रित वृद्ध व्यक्तियों के लिए सभी जिलों में वृद्धावस्था आश्रम खोलने के सरकारी निर्णय के बावजूद अभी तक सिर्फ पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णिया जिला में ही वृद्धावस्था आश्रम खोला गया है;

(ख) क्या यह सही है कि खोले गये इन आश्रमों में निर्धारित सुविधाएं यथा, योगशाला, पुस्तकालय, मनोरंजन कक्ष, रसोईघर, भोजनालय आदि नहीं रहने के कारण

वृद्धजन किसी तरह जीवन ज्ञापन कर रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आश्रमों में निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----